
# स्मार्ट प्रणाली

**[स्रोत: पी.आई.बी.](#)**

हाल ही में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (**Defence Research and Development Organisation- DRDO**) ने ओडिशा के तट पर **डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप** से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज़ ऑफ टॉरपीडो (**Supersonic Missile-Assisted Release of Torpedo- SMART**) प्रणाली का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।

## स्मार्ट प्रणाली:

- यह नई पीढ़ी की मिसाइल-आधारित कम भार वाली एक आयुध प्रणाली है**।**
- इसका प्राथमिक उद्देश्य हल्के टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक **भारतीय नौसेना** की **पनडुब्बी रोधी युद्ध** क्षमताओं को बेहतर करना है।
    - मिसाइल को **ग्राउंड मोबाइल लॉन्चर** से प्रक्षेपित किया जाता है।
- यह कनस्तर-आधारित मिसाइल प्रणाली विभिन्न उन्नत उप-प्रणालियों को शामिल करती है,
    - इसमें दो-चरण वाली ठोस प्रपल्शन प्रणाली, **इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्चुएटर प्रणाली** और **सटीकता के साथ इनर्शियल नेविगेशन प्रणाली भी** शामिल है।
- जब यह जलमग्न पनडुब्बी के काफी करीब  पहुँच  जाएगी, तो**मिसाइल टारपीडो प्रणाली को पानी में फेंक देगी** तो मिसाइल **टॉरपीडो प्रणाली का जल में निष्कासन किया जाएगा** और स्वायत्त टारपीडो पनडुब्बी को बाहर निकालने के लिये अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू कर देगी।
- टॉरपीडो **सिगार के आकार** का एक अंतर्जलीय हथियार है, जो अपनी शक्ति द्वारा संचालित होता है।
    - इसे विभिन्न प्लेटफॉर्मों जैसे पनडुब्बी, सतह के जहाज़ो या हवाई जहाज़ द्वारा प्रक्षेपित किया जा सकता है।
- वरुणास्त्र देशज़ रूप से विकसित पहला हेवीवेट जहाज़-प्रक्षेपित पनडुब्बी रोधी इलेक्ट्रिक टॉरपीडो है।




**और पढ़ें:** सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड टॉरपीडो

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-system